मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-444
08/10/2022

नवादा के मोतनाजे गॉव में गंगाजल आपूर्ति योजना के क्रियान्वयन को देखकर मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता जाहिर की

पटना, 08 अक्टूबर 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने नवादा जिले के नारदीगंज प्रखंड में डोहड़ा पंचायत स्थित मोतनाजे ग्राम में राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी गंगाजल आपूर्ति योजना का स्थलीय निरीक्षण किया। इस परियोजना के तहत मोतनाजे में नवनिर्मित वाटर ट्रीटमेंट प्लान डिटेंशन टैंक पम्प हाउस, क्लोरिन हाउस, यूटिलिटी बिल्डिंग एवं केमिकल हाउस का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। गंगाजल आपूर्ति योजना के विभिन्न कार्यों के संबंध में अब तक की प्रगति की अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नवादा, गया और बोधगया में भी गंगाजल को आपूर्ति योजना को यथाशीघ्र पूर्ण करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवादा के पौरा गॉव में गंगाजल को स्टोर कर प्यूरिफाई करने के बाद लोगों के घरों तक शुद्ध गंगाजल की आपूर्ति के लिए कार्य प्रगति पर है। गंगाजल को स्टोर कर नवादा, राजगीर, गया एवं बोधगया के लोगों को सालों भर पेयजल की आपूर्ति की जायेगी। बरसात के चार महीनों तक गंगाजल से वाटर अपलिफ्ट कर वर्ष के शेष 08 महीने जलापूर्ति के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी के स्टोरेज के संबंध में मुख्यमंत्री ने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये।

स्थलीय निरीक्षण में जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी श्री मनीष कुमार वर्मा, सचिव जल संसाधन श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, आयुक्त पटना प्रमण्डल श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, नवादा की जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह, पुलिस अधीक्षक नवादा श्री गौरव मंगला सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******